चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ–250004
आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC)

41

आई0क्यू0ए0सी0 समिति तथा नैक समिति की एक बैठक दिनांक 28/09/2015 को सांय 2:00 बजे समिति कक्ष में संपन्न हुई, जिसमें निम्न विषयों पर विचार विमर्श किया गया:

1. नैक संबंधी SSR प्रस्ताव के संबंध में वार्ता की गई जिसमें शीघ्र ही SSR लेखन कर प्रेषित करने हेतु कहा गया। इस हेतु पूर्व में बनाई समितियों तथा शिक्षकों को शीघ्र कार्य पूर्ण करने हेतु कहा गया।
2. विश्वविद्यालय कर्मचारियों के लिए एक पूर्व निर्धारित कार्यशाला डा0 जे0ए0 सिद्दिकी, उप पुस्तकालयाध्यक्ष के निर्देशन में शीघ्र आयोजित की जानी है।
3. आई0क्यू0ए0सी0 की कार्यशाला जिलेवार मेरठ, बुलन्दशहर तथा सहारनपुर में आयोजित की जानी है। इस हेतु महाविद्यालयों से सहमति लेकर उपलब्ध बजट में से बजट दिया जायेगा जो तीनों में बराबर होगा। बुलन्दशहर में नोएडा,बुलन्दशहर तथा हापुड़, मेरठ में मेरठ,गाजियाबाद,बागपत, तथा मुज्जफरनगर में सहारनपुर, मुज्जफरनगर तथा शामली जिलों के आई0क्यू0ए0सी0 प्रभारी/शिक्षक शामिल होंगे।
4. जिन शिक्षकों की प्रोफाईल नहीं आई है उनसे शीघ्र मगवाई जाय।
5. जिन विभागों की विभागीय प्रोफाईल नहीं आई है उनसे शीघ्र मंगवाई जाय।
6. डॉ0 जे0ए0 सिद्दिकी ई यूजर कार्यशाला आयोजित कराएंगे जिसमें विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं शोध छात्रों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। (इसमें स्थाई शिक्षक/शिक्षण सहायक शामिल होंगे।)
7. उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद के पत्रांक14/रा0उ0शि0प0/03/15/आई0क्यू0ए0सी0 दिनांक 29/06/15 द्वारा वित्तीय वर्ष 2015–16 में आई0क्यू0ए0सी0 हेतु पूर्व वर्षों के विपरीत कम्पयूटर आपरेटर दो के स्थान पर एक के लिए ही बजट दिया गया है।यू0पी0 डेस्को के पत्रांक 879/CCSU/191/1075 दिनांक 01/06/2015 तथा बी0एस0एन0 इन्फोटक के पत्रांक 2026/बी0एस0एन0/तैनाती /15–16 दिनांक 10/06/2015 के द्वारा दिनांक 15/06/2015 को आई0क्यू0ए0सी0 अनुभाग तैनात किये गये दो कम्प्यूटर आपरेटर, श्री आकाश दीप शर्मा तथा सुश्री रूबी रानी में से सुश्री रूबी रानी आउट सोर्स कम्प्यूटर आपरेटर को उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद से एक ही कम्प्यूटर आपरेटर का बजट प्राप्त होने के कारण कार्यमुक्त किया जाना है।
8. कुलपति जी की अध्यक्षता में नैक/आई0क्यू0ए0सी0 की बैठक आयोजित करने हेतु समय लेने तथा बैठक 7 या 8 अक्टूबर में बुलाने की सहमति बनी।
9. आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन हेतु आई0क्यू0ए0सी0 शोध कार्य को बढ़ावा दे इस हेतु विश्वविद्यालय शोध कार्यों को बढ़ावा देने हेतु बजट प्रदान करे। इस हेतु समिति बनाने का प्रस्ताव दिया गया।
10. शिक्षकों को लैपटाप देने हेतु पूर्व में आई0क्यू0ए0सी0 से प्रस्ताव दिया गया था इस पर कार्यवाही की जाय।
11. शिक्षकों के बायोडाटा (जीवनवृत) विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु वेबसाइट प्रभारी डॉ0 जे0ए0 सिद्दिकी तथा आई0क्यू0ए0सी0 के आउट सोर्स कर्मचारी श्री आकाश दीप शर्मा के साथ करायेंगे।
12. डा0 आर0के0 सोनी के अनुरोध पर इण्डस्ट्री कन्सलटेंसी सेल से भी आगामी दिनों में एक वर्कशाप आयोजित करने हेतु कहा गया। डा0 आर0के0 सोनी इस हेतु इण्डस्ट्री कन्सलटेंसी सेल के लिए कार्यालय की मांग की।

(प्रो0 वाई विमला) (प्रो0 जयमाला) (प्रो0 ए0के0 [illegible]) (प्रो0 एम0यू0 चराया)

(प्रो0 आर0के0 सोनी) (प्रो0 पी0के0मिश्रा) (डा0 जे0ए0 सिद्दिकी) (डा0 हरिश्चन्द्र)

(डा0 शैलेन्द्र सिंह गौरव) (डा0 आलोक कुमार) (डा0 दिनेश कुमार)

(प्रो0 एच0एस0 सिंह) मा. कुलपति के अनुमोदनार्थ (प्रो0 एन0सी0 लोहनी)